**Series BRH/2**

कोड नं. **32/2/1**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 16 + 2 मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 36 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains 16 printed pages + 2 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 36 questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

## संकलित परीक्षा – II

## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

**सामान्य निर्देश :**

(i) कुल 36 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 16 तक बहुविकल्पीय प्रश्न एक-एक अंक के हैं । प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं । सही विकल्प को अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

(iv) प्रश्न संख्या 17 से 29 तक के प्रश्न तीन-तीन अंकों के हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या 30 से 34 तक के प्रश्न चार-चार अंकों के हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या 35 मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न 2 अंक का इतिहास से है और प्रश्न संख्या 36 मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न 3 अंक का भूगोल से है ।

(vii) भरे हुए मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के अंदर नत्थी कीजिए ।

***General Instructions :***

*(i)* *There are 36 questions in all. All questions are compulsory.*

*(ii)* *Marks for each question are indicated against the question.*

*(iii)* *Questions from serial number 1 to 16 are Multiple Choice Questions (MCQs) of 1 mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your Answer-book*

*(iv)* *Questions from serial number 17 to 29 are 3 marks questions. Answers of these questions should not exceed 80 words each.*

*(v)* *Questions from serial number 30 to 34 are 4 marks questions. Answers of these questions should not exceed 100 words each.*

*(vi)* *Question number 35 is a map question of 2 marks from History and Question number 36 is a map question of 3 marks from Geography.*

*(vii)* *Attach the filled up maps inside your answer book.*

1. निम्नलिखित संधियों में से किसके अंतर्गत यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता मिली ? 1

(A) वियना संधि

(B) वर्साय की संधि

(C) सेंट जर्मेन संधि

(D) 1832 की कुस्तुनतुनिया संधि

अथवा

निम्नलिखित में से होआ हाओ आन्दोलन की कौन-सी एक विशेषता नहीं है ? 1

(A) यह आंदोलन 1939 में शुरू हुआ ।

(B) इसे मेकोंग डेल्टा क्षेत्र में भारी लोकप्रियता मिली ।

(C) इस आंदोलन की बागडोर शाही दरबार के अधिकारियों के हाथों में थी ।

(D) इस आंदोलन के हुइन्ह फु सो संस्थापक थे ।

Under which one of the following treaties was Greece recognised as an independent nation ?

(A) Treaty of Vienna

(B) Treaty of Versailles

(C) Treaty of St. Germain

(D) Treaty of Constantinople of 1832

OR

Which one of the following is *not* the characteristic of Hoa Hao movement ?

(A) It began in 1939.

(B) It gained great popularity in Mekong Delta area.

(C) It was led by officials at the imperial court.

(D) Huynh Phu So was a founder of this movement.

2. जर्मन राष्ट्र का निम्नलिखित में से कौन एक 'रूपक' था ? 1

(A) मारीआन

(B) आँखों पर पट्टी बँधी हुई महिला

(C) जर्मेनिया

(D) इनमें से कोई नहीं

**अथवा**

निम्नलिखित में से कौन वियतनाम में राजशाही का कट्टर विरोधी था ? 1

(A) फान बोई चाऊ

(B) लियांग किचाओ

(C) फान चू त्रिन्ह

(D) हुइन्ह फू सो

Which one of the following was an 'allegory' of the German nation ?

(A) Marianne

(B) Blindfold woman

(C) Germania

(D) None of these

**OR**

Who among the following was intensely hostile to the monarchy in Vietnam ?

(A) Phan Boi Chau

(B) Liang Qichao

(C) Phan Chu Trinh

(D) Huynh Phu So

3. प्रसिद्ध पुस्तक 'हिन्द स्वराज' का निम्नलिखित में से कौन लेखक था ? 1

(A) महात्मा गांधी

(B) शौकत अली

(C) जवाहरलाल नेहरू

(D) सुभाष चन्द्र बोस

Who, among the following, was the author of the famous book 'Hind Swaraj' ?

(A) Mahatma Gandhi

(B) Shaukat Ali

(C) Jawaharlal Nehru

(D) Subhash Chandra Bose

4. निम्नलिखित में से किसने 1930 में दलितों को 'दमित वर्ग एसोसिएशन' में संगठित किया ? 1

(A) कांशी राम

(B) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

(C) गांधीजी

(D) अल्लूरी सीताराम राजू

Who, among the following, organised the dalits into the 'Depressed Classes Association' in 1930 ?

(A) Kanshi Ram

(B) Dr. B.R. Ambedkar

(C) Gandhiji

(D) Alluri Sitaram Raju

5. हिमाचल प्रदेश में मणिकरण के निकट पार्वती घाटी में निम्नलिखित में से कौन से गैर-परम्परागत ऊर्जा के साधन का दोहन किया जाता है ? 1

(A) सौर ऊर्जा

(B) ज्वारीय ऊर्जा

(C) भूतापीय ऊर्जा

(D) पवन ऊर्जा

Which one of the following non-conventional sources of energy is harnessed in the Parvati Valley near Manikaran in Himachal Pradesh ?

(A) Solar Energy

(B) Tidal Energy

(C) Geothermal Energy

(D) Wind Energy

6. निम्नलिखित में से कौन-सा एक उद्योग सबसे अधिक संख्या में रोज़गार का सृजन करता है ? 1

(A) सूती वस्त्र उद्योग

(B) जूट/पटसन उद्योग

(C) रेशम उद्योग

(D) वस्त्र उद्योग

Which one of the following industries generates the largest amount of employment ?

(A) Cotton Industry

(B) Jute Industry

(C) Silk Industry

(D) Textile Industry

7. अंतिम स्टेशनों के निम्नलिखित समूहों में से कौनसा राष्ट्रीय महामार्ग संख्या 8 से जुड़ा है ? 1

(A) दिल्ली और कोलकाता

(B) दिल्ली और अमृतसर

(C) दिल्ली और मुम्बई

(D) वाराणसी और कन्याकुमारी

Which one of the following groups of terminal stations is connected with National Highway No. 8 ?

(A) Delhi and Kolkata

(B) Delhi and Amritsar

(C) Delhi and Mumbai

(D) Varanasi and Kanyakumari

8. निम्नलिखित पत्तनों में से कौनसा लौह अयस्क के निर्यात के संदर्भ में देश का सबसे महत्वपूर्ण पत्तन है ? 1

(A) न्यू मंगलौर पत्तन

(B) मर्मागाओ पत्तन

(C) विशाखापत्तनम पत्तन

(D) पारादीप पत्तन

Which one of the following ports is the premier iron-ore exporting port of the country ?

(A) New Mangalore Port

(B) Marmagao Port

(C) Vishakhapatnam Port

(D) Paradip Port

9. निम्नलिखित लक्षणों में से कौनसा लक्षण लम्बी अवधि वाले आंदोलनों से सम्बन्धित है ? 1

(A) ये आंदोलन कई मुद्दों पर आधारित होते हैं ।

(B) ये आंदोलन किसी खास मुद्दे पर आधारित होते हैं ।

(C) इन आंदोलनों में नेतृत्व बहुत स्पष्ट होता है ।

(D) इनका कोई एक संगठन नहीं होता है ।

Which among the following features is related to the long term movements ?

(A) They are multiple issue movements.

(B) They are issue specific movements.

(C) They have a clear leadership.

(D) There is no single organisation.

10. निम्नलिखित देशों में से किस देश में एक-दलीय व्यवस्था है ? 1

(A) यू.एस.ए.

(B) यू.के.

(C) चीन

(D) जापान

Which among the following countries has a one-party system ?

(A) U.S.A.

(B) U.K.

(C) China

(D) Japan

11. लोकतांत्रिक देश में राजनीतिक सुधारों को लागू करने में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सबसे अच्छा तरीका है ? 2

(A) कानूनी परिवर्तन

(B) जनता को सशक्त बनाना

(C) संवैधानिक परिवर्तन

(D) कानूनी सुधार

Which one of the following is a better way to carry out political reforms in a democratic country ?

(A) Legal changes

(B) Empowerment of people

(C) Constitutional changes

(D) Legislation reforms

12. निम्नलिखित में से कौनसी एक विशेषता बुनियादी आधार बनाने की चुनौती से सम्बन्धित नहीं है ? 1

(A) यह लोकतांत्रिक संस्थाओं और व्यवहारों को मज़बूत बनाती है ।

(B) सेना को शासन पर नियंत्रण करने से दूर रखना ।

(C) मौजूदा गैर-लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को गिराना ।

(D) एक सम्प्रभु तथा कारगर शासन व्यवस्था को स्थापित करना ।

Which one of the following is *not* a feature of foundational challenge ?

(A) It involves strengthening of the institutions and practices of democracy.

(B) To keep military away from controlling government.

(C) Bringing down the existing non-democratic regime.

(D) To establish a sovereign and functional state.

13. निम्नलिखित में से वस्तु विनिमय प्रणाली की अनिवार्य विशेषता कौनसी है ? 1

(A) यह स्थानीय बाज़ार को प्रोत्साहित करती है ।

(B) यह व्यक्ति विशेष के सामाजिक क्षेत्र का फैलाव करती है ।

(C) इसके लिए आवश्यकताओं का दोहरा संयोग आवश्यक है ।

(D) यह एक सरल तरीका है ।

Which one of the following is an essential feature of barter system ?

(A) It promotes local market.

(B) It spreads social field of an individual.

(C) It requires double coincidence of wants.

(D) It is an easy way.

14. वैश्वीकरण से निम्नलिखित में से किस प्रकार के देश अधिक लाभान्वित हुए हैं ? 1

(A) अमीर देश

(B) गरीब देश

(C) विकासशील देश

(D) विकसित देश

Which one of the following type of countries has been more benefited from globalisation ?

(A) Rich countries

(B) Poor countries

(C) Developing countries

(D) Developed countries

15. वैश्वीकरण से निम्नलिखित में से किस भारतीय उद्योग को भारी आघात पहुँचा है ? 1

(A) आई.टी.

(B) खिलौने बनाना

(C) जूट

(D) सीमेंट

Which one of the following Indian industries has been hit hard by globalisation ?

(A) I.T.

(B) Toy-making

(C) Jute

(D) Cement

16. निम्नलिखित मदों में से किस पर आई.एस.आई. मानक चिह्न का प्रयोग किया जाता है ? 1

(A) एल.पी.जी. सिलिंडर

(B) आभूषण

(C) सोना

(D) कृषि उत्पाद

On which one of the following items is I.S.I. used as a logo ?

(A) L.P.G. Cylinder

(B) Jewellery

(C) Gold

(D) Agricultural products

17. यूरोप में 1848 की 'उदारवादियों की क्रांति' के प्रभाव का वर्णन कीजिए। 3

अथवा

हुइन्ह फु सो द्वारा प्रेरित आंदोलन को कुचलने के लिए फ्रांसीसियों द्वारा किए गए किन्हीं तीन प्रयासों का वर्णन कीजिए। 3×1=3

Describe the impact of "The Revolution of the Liberals" of 1848 in Europe.

**OR**

Describe any three steps which were taken by the French to suppress the movement inspired by the Huynh Phu So.

18. राष्ट्रवाद की भावना पैदा करने में इतिहास की पुनर्व्याख्या किस प्रकार की गई ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

How was history re-interpreted in creating a feeling of nationalism ? Explain with examples.

19. सौर ऊर्जा भारत के ग्रामीण तथा सुदूर क्षेत्रों में किस प्रकार लोकप्रिय हो रही है ? स्पष्ट कीजिए। 3

How is solar energy becoming popular in rural and remote areas of India ? Explain.

20. "हमें ऊर्जा के अपने सीमित संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग के लिए सावधानीपूर्ण उपागम अपनाना होगा।" इस कथन की तीन उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। 3×1=3

"We have to adopt a cautious approach for the judicious use of our limited energy resources." Support the statement with three examples.

21. "किसी एक देश के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रगति उसके आर्थिक वैभव का सूचक है।" इस कथन की पुष्टि तीन तर्कों सहित कीजिए। 3×1=3

"Advancement of international trade of a country is an index to its economic prosperity." Support the statement with three arguments.

22. राजनीतिक दल किस प्रकार जनता की राय को रूप प्रदान करते हैं ? तीन उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । $3 \times 1 = 3$

How do political parties shape the public opinion ? Explain with three examples.

23. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ किस प्रकार सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य स्थापित करने में सक्षम हैं ? तीन उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । $3 \times 1 = 3$

How are democracies able to accommodate social diversities ? Explain with three examples.

24. तानाशाही की अपेक्षा लोकतांत्रिक सरकारों के किन्हीं तीन गुणों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 1 = 3$

Explain any three merits of democratic governments over the dictatorship.

25. आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के समक्ष उपस्थित तीन प्रमुख चुनौतियों को स्पष्ट कीजिए । $3 \times 1 = 3$

Explain the three major challenges faced by modern democracies.

26. "ऋण उपयोगी होगा या नहीं, यह परिस्थितियों पर निर्भर करता है ।" दो भिन्न उदाहरण देते हुए, इस कथन की पुष्टि कीजिए । $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$

"Whether credit would be useful or not, it depends on the situations." Give two different examples in support of this statement.

27. "भारत के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अभी भी अधिकांश गरीब परिवार कर्ज़ के लिए ऋण के अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भर हैं ।" इस कथन की पुष्टि तीन उदाहरणों की मदद से कीजिए । $3 \times 1 = 3$

"Most of the poor households still depend on the informal sector for loans, both in rural and urban areas of India." Support the statement with three examples.

28. भारत में उपभोक्ता आंदोलन की शुरुआत करने वाले तीन कारकों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 1 = 3$

Explain three factors that gave rise to consumer movement in India.

29. बाज़ार में उपभोक्ताओं का शोषण किस प्रकार किया जाता है ? तीन उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । $3 \times 1 = 3$

How are the consumers exploited in the marketplace ? Explain with three examples.

30. "1830 का दशक यूरोप में भारी आर्थिक कठिनाइयाँ लेकर आया ।" चार उदाहरण देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए । *4×1=4*

अथवा

जापान और चीन ने वियतनाम के राष्ट्रवादियों को वियतनाम से फ्रांसीसियों को खदेड़ने के लिए किस प्रकार प्रेरित किया ? स्पष्ट कीजिए । 4

"The 1830s were years of great economic hardship in Europe." Support the statement with four examples.

OR

How did Japan and China inspire Vietnamese nationalists to drive out the French from Vietnam ? Explain.

31. असहयोग आंदोलन के दौरान आन्ध्र प्रदेश की गुडेम पहाड़ियों में आदिवासी किसानों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । 4

Explain the role played by tribal peasants in the Gudem Hills of Andhra Pradesh during the Non-Cooperation Movement.

32. भारत में औद्योगिक इकाइयाँ वायु को किस प्रकार प्रदूषित करती हैं ? इस संदर्भ में किन्हीं चार बिंदुओं को स्पष्ट कीजिए । *4×1=4*

How do industrial units pollute air in India ? Explain any four points in this regard.

33. "दबाव समूह और आन्दोलन राजनीति पर कई तरह से असर डालते हैं ।" किन्हीं चार तरीकों को स्पष्ट कीजिए । *4×1=4*

"Pressure groups and movements exert influence on politics in a variety of ways." Explain any four ways.

34. 'वैश्वीकरण' और 'प्रतिस्पर्धा के दबाव' ने श्रमिकों के जीवन को किन चार तरीकों से व्यापक रूप में प्रभावित किया है ? स्पष्ट कीजिए । *4×1=4*

Explain four ways in which 'globalisation' and 'the pressure of competition' has changed the lives of workers substantially ? Explain.

35. दो लक्षण — A और B, भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17) पर अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए : 1+1=2

A. वह स्थान, जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

B. वह स्थान, जहाँ जलियाँवाला बाग घटना घटी ।

**अथवा**

निम्नलिखित मदों को भारत के दिए गए इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17) पर उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : 1+1=2

(i) चम्पारन — वह स्थान जहाँ से नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन शुरू हुआ था ।

(ii) बारदोली — वह स्थान जहाँ से 'कर न देने का अभियान' आरम्भ हुआ था ।

Two features — A and B, are marked in the given political outline map of India (on page 17). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. The place, where Indian National Congress Session of December 1920 was held.

B. The place, where Jallianwala Bagh incident took place.

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same given political outline map of India (on page 17) :

(i) Champaran — the place, from where the movement of Indigo planters was started.

(ii) Bardoli — the place, from where 'No Tax Campaign' was started.

36. तीन लक्षण — A, B और C, भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19) पर अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए : 1+1+1=3

A. नेशनल पार्क

B. सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

C. उत्तर-दक्षिण गलियारे का अंतिम स्टेशन

**अथवा**

निम्नलिखित मदों को भारत के दिए गए इसी राजनैतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19) पर उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : 3×1=3

(i) सलेम — लौह और इस्पात संयंत्र

(ii) काकरापारा — नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र

(iii) पारादीप — समुद्री पत्तन

Three features — A, B and C, are marked in the given political outline map of India (on page 19). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. Coal mines

B. Software Technology Park

C. Terminal Station of East-West Corridor

OR

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same given political outline map of India (on page 19) :

(i) Salem — Iron and Steel Plant

(ii) Kakrapara — Nuclear Power Plant

(iii) Paradip — Sea Port

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 35 और 36 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Blind Candidates** only, in lieu of Q. No. 35 and 36 :*

35\. (35.1) उस स्थान का नाम बताइए, जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन दिसम्बर 1920 में हुआ था।

(35.2) उस शहर का नाम बताइए, जहाँ जलियाँवाला बाग घटना घटी थी। 2×1=2

(35.1) Name the place, where the Indian National Congress Session of December 1920 was held.

(35.2) Name the city, where the Jallianwala Bagh incident took place.

36\. (36.1) सेलम लोहा और इस्पात संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(36.2) उस राज्य का नाम बताइए, जहाँ काकरापार नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र स्थित है।

(36.3) पारादीप पत्तन किस राज्य में स्थित है ? 1+1+1


(36.1) In which state is Salem Iron and Steel Plant located ?

(36.2) Name the state, where Kakrapara nuclear power plant is located.

(36.3) In which state is the Paradip sea port located ?

## Outline Map of India (Political)

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)



## Outline Map of India (Political)

### भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

